Seat No. : ____________

# FC-18

## Advanced Accounting and Auditing Paper – I
**(Subsidiary)**
**(Old & New)**

**Time : 3 Hours]** **[Total Marks : 70**

**सूचनाएँ :**
(1) दाहिनी ओर के अंक प्रश्न के पूर्णांक को दर्शाते हैं ।
(2) उत्तर के भागरूप में आवश्यक गणना दर्शाओ ।
(3) प्रश्नपत्र में दर्शाया गया नंबर हांसिया (margin) में लिखो ।

1. मिताल और हेताल क्रमश 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने वाले एक फर्म के साझेदार हैं । ता. 31-3-2004 को उनकी फर्म का स्थिति विवरण (Balance Sheet) निम्नानुसार है : **14**

**स्थिति विवरण**

| दायित्व | रु. | सम्पत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| **पूँजी खाते:** | | मकान | 1,20,000 |
| मिताल 1,80,000 | | मशीनरी | 1,00,000 |
| हेताल 1,20,000 | 3,00,000 | फर्नीचर | 50,000 |
| सामान्य अनामत | 25,000 | स्टॉक | 50,000 |
| लेनदार | 20,000 | देनदार 10,000 | |
| देय विपत्र | 5,000 | घटाओ : डूबत ऋण अनामत 500 | 9,500 |
| | | लेय विपत्र | 3,500 |
| | | रोकड़ | 17,000 |
| | **3,50,000** | | **3,50,000** |

ता. 1.4.2004 को सीता ने निम्नलिखित शर्तों पर फर्म में प्रवेश किया :

(1) नयी फर्म में सीता का भाग 1/5 होगा । यह भाग वह मिताल और हेताल से 5 : 4 के अनुपात में प्राप्त करती है ।

(2) सीता अपनी ख्याति के भाग के लिए 27,000 रु. रोकड़ लायेगी, इसकी आधी रकम व्यवसाय में रखी जायेगी ।

(3) सीता अपनी पूँजी के रूप में 1,00,000 रु. रोकड़ लाती है ।

(4) फर्म की सम्पत्तियों और दायित्वों का निम्नानुसार पुन:मूल्यांकन किया जायेगा :

(अ) मशीनरी पर 10% की दर से घिसाई लगायी जायेगी ।

(ब) मकान की कीमत 20 % से बढ़ायी जायेगी ।

(स) स्टॉक का पुन: मूल्यांकन 48,000 रु. किया जायेगा ।

(द) डूबत ऋण के लिए अनामत 10% तक बढ़ाया जायेगा ।

उपरोक्त जानकारी से फर्म की बही में निम्नलिखित खाते तैयार कीजिये :

(1) लाभ-हानि समायोजन खाता

(2) साझेदारों के पूँजी खाते

(3) रोकड़ और बैंक खाता

(4) सीता के प्रवेश के बाद का स्थिति विवरण (Balance Sheet)

2. केयुर, निरव और धरल क्रमशः 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने वाले एक फर्म के साझेदार हैं । ता. 31.3.2004 को उनकी फर्म का स्थिति विवरण (Balance Sheet) निम्नानुसार है : **14**

**स्थिति विवरण (B/S)**

| दायित्व | रु. | सम्पत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| **पूँजी खाते :** | | ख्याति | 70,000 |
| केयुर 1,20,000 | | पट्टे पर लिया गया मकान | 50,000 |
| निरव 20,000 | | मशीनरी | 80,000 |
| धरल 60,000 | 2,00,000 | विनियोग | 60,000 |
| सामान्य अनामत | 48,000 | संयुक्त जीवन पॉलिसी | 14,000 |
| अभि का ऋण | 26,000 | स्टॉक | 42,000 |
| बैंक ऋण | 70,000 | देनदार 22,000 | |
| संयुक्त जीवन पॉलिसी अनामत | 14,000 | घटाओ : डूबत ऋण | |
| | | अनामत 2,000 | 20,000 |
| लेनदार | 42,000 | रोकड़ शेष | 64,000 |
| | **4,00,000** | | **4,00,000** |

फर्म का उपरोक्त तारीख को विसर्जन किया गया था । विसर्जन से संबंधित जानकारी नीचे दी गई है :

(1) निरव 62,000 रु. विनियोग में लेता है ।

(2) केयुर ने अभि का ऋण चुकाना स्वीकार किया है ।

(3) संयुक्त जीवन पॉलिसी का समर्पण मूल्य 12,000 रु. वसूल हुआ ।

(4) देनदारों से 19,000 रु. वसूल हुए । डूबत ऋण वापसी के 1000 रु. आये जो देनदारों से वसूल रकम में शामिल नहीं हैं ।

(5) विसर्जन खर्च 6,800 रु. हुआ ।

(6) 28,000 रु. के लेनदार धरल ने ले लिये, वह उनको 26,200 रु. पूर्ण भुगतान में चुकाये । शेष लेनदारों को 12000 रु. चुका दिये ।

(7) शेष सम्पत्तियाँ बेचने से 3,78,000 रु. वसूल हुए ।

उपरोक्त जानकारियों से फर्म की पुस्तकों को बंद करने के लिए निम्नलिखित खाते तैयार कीजिये :

(1) वसूली खाता

(2) साझेदारों के पूँजी खाते

(3) रोकड़ खाता

**अथवा**

कनु, मनु और तनु समान भाग में लाभ-हानि बाँटने वाले एक फर्म के साझेदार हैं । ता. 31.3.2004 को उनकी फर्म का स्थिति विवरण (Balance Sheet) निम्नानुसार है : **14**

**स्थिति विवरण (B/S)**

| दायित्व | रु. | सम्पत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| **पूँजा खाते :** | | मकान | 80,000 |
| कनु 1,60,000 | | मशीनरी | 85,000 |
| मनु 80,000 | | मोटर कार | 75,000 |
| तनु 80,000 | 3,20,000 | देनदार 40,000 | |
| सामान्य अनामत | 9,000 | घटाओ : डूबत ऋण | |
| | | अनामत 1,000 | 39,000 |
| लेनदार | 11,000 | स्टॉक | 40,000 |
| | | रोकड़ | 21,000 |
| | **3,40,000** | | **3,40,000** |

ता. 1.4.2004 को तनु निम्नलिखित मुद्दों और शर्तों पर निवृत्त होता है :

(1) मशीनरी और मोटर कार पर 10% घिसाई लगायी जायेगी । मकान की कीमत में 15% से वृद्धि की जायेगी ।

(2) संदिग्ध ऋणों के लिए अनामत 10% तक बढ़ायी जायेगी ।

(3) स्टॉक का पुन: मूल्यांकन 44,000 रु. किया गया ।

(4) फर्म की ख्याति का मूल्य पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभ का 3 गुना आँका गया । पिछले पाँच वर्षों का कुल लाभ 2,00,000 रु. था । पुस्तकों में केवल निवृत्त साझेदार के भाग की ख्याति ही दर्शायी जायेगी ।

(5) तनु के पूँजी खाते का बकाया शेष 12% वार्षिक ब्याज की दर से एक वर्ष के लिए ऋण खाते के रूप में रखा जायेगा ।

उपरोक्त जानकारी से आप निम्नलिखित तैयार कीजिये :

(1) लाभ-हानि समायोजन खाता ।

(2) साझेदारों के पूँजी खाते ।

(3) नई फर्म का स्थिति विवरण (Balance Sheet)

3. अ और ब 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने वाले एक फर्म के साझेदार थे । ता. 31-3-2004 को उनकी फर्म का स्थिति विवरण (Balance Sheet) निम्नानुसार था : **14**

**स्थिति विवरण (B/S)**

| दायित्व | रु. | सम्पत्तियाँ | रु. |
|---|---|---|---|
| **पूँजी खाते :** | | जमीन | 600 |
| अ 700 | | प्लांट | 700 |
| ब 800 | 1,500 | स्टॉक | 500 |
| सामान्य अनामत | 1,000 | देनदार | 650 |
| लेनदार | 500 | विनियोग | 450 |
| देय विपत्र | 200 | रोकड़ और बैंक शेष | 400 |
| देना बैंक का ऋण | 100 | | |
| | **3,300** | | **3,300** |

उपरोक्त तारीख को फर्म अ ब लि. को निम्नलिखित शर्तों पर बेच दी गयी :

(1) फर्म की ख्याति का मूल्य 300 रु. आँका गया ।

(2) कम्पनी ने विनियोग, रोकड़ और देना बैक के ऋण के अतिरिक्त सभी सम्पत्तियाँ और दायित्व ले लिये ।

(3) सभी सम्पत्तियों की शेष कीमत का दुगुना मूल्य आँका गया था ।

(4) विनियोग 600 रु. में बेचे ।

(5) खरीद कीमत के बदले में, कम्पनी ने पूर्ण भुगतान वाले प्रति 10 रु. के 250 इक्विटी अंश और प्रति 50 रु. वाले 10, 6% के ऋणपत्र निर्गमित किये और शेष रोकड़ दी ।

(6) विसर्जन खर्च 10 रु. था जो फर्म द्वारा चुकाया गया ।

(7) देना बैंक का ऋण 'अ' द्वारा भुगतान किया गया।

(8) साझेदारों ने अंशों और ऋणपत्रों को अपने लाभ-हानि के अनुपात में बाँट लिया ।

फर्म की बही में निम्नलिखित खाते तैयार कीजिये :

(1) वसूली खाता

(2) अ ब लि. का खाता

(3) अ ब लि. का शेयर खाता

(4) अ ब लि. का 6% ऋणपत्र खाता

(5) साझेदारों के पूँजी खाते

(6) रोकड़ खाता

**अथवा**

दिवाने, मस्ताने और परवाने क्रमश: 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटने वाले एक फर्म के साझेदार थे । ता. 30.6.2004 को उन्होंने फर्म का विसर्जन किया । उस दिन फर्म का स्थिति विवरण (Balance Sheet) निम्नानुसार था : **14**

**स्थिति विवरण (B/S)**

| **दायित्व** | | **रु.** | **सम्पत्तियाँ** | **रु.** |
|---|---|---|---|---|
| **पूँजी खाते :** | | | स्थायी सम्पत्तियाँ | 50,000 |
| दिवाने | 38,000 | | स्टॉक | 30,000 |
| मस्ताने | 24,000 | | देनदार | 14,600 |
| परवाने | 18,000 | 80,000 | रोकड़ शेष | 5,400 |
| मस्ताने का ऋण खाता | | 5,000 | | |
| लेनदार | | 15,000 | | |
| | | **1,00,000** | | **1,00,000** |

सम्पत्तियाँ किस्तों में बेची गयी और प्राप्त रकम को पूँजी के अनुपात में बाँटा गया था । लेनदारों को पूर्ण भुगतान में 14500 रु. का भुगतान किया गया । विसर्जन खर्च के लिए 2700 रु. अलग से अनामत के रूप में रखे गये, जबकि वास्तव में विसर्जन खर्च 2000 रु. हुआ जो ता. 30.9.2004 को चुकाया गया ।

सम्पत्तियों की वसूली निम्नानुसार हुई :

(1) ता. 10-7-2004 12,600 रु.

(2) ता. 20-8-2004 30,000 रु.

(3) ता. 30-9-2004 40,000 रु.

"पूँजी आधिक्य पद्धति" के आधार पर रोकड़ का थोड़ा-थोड़ा वितरण दर्शाता पत्रक तैयार कीजिये ।

4. श्री कनु अपनी फर्म का खाता इकहरी लेखा प्रणाली के आधार पर रखता है । फर्म की सम्पत्तियाँ और दायित्वों के विवरण निम्नानुसार हैं : **14**

| **विवरण** | **31-3-2003** | **31-3-2004** |
|---|---|---|
| | **रु.** | **रु.** |
| जमीन | 1,00,000 | (?) |
| प्लांट और मशीनरी | 2,00,000 | 2,30,000 |
| विनियोग | 30,000 | 40,000 |
| फर्नीचर | 60,000 | (?) |
| स्टॉक | 80,000 | 98,000 |
| देय विपत्र | 10,000 | 9,000 |
| लेय विपत्र | 20,000 | 32,000 |
| पेशगी चुकाया बीमा | 1,000 | 2,000 |
| देनदार | 56,000 | 86,000 |
| लेनदार | 30,000 | 18,000 |
| बैंक ऋण | 40,000 | (?) |
| रोकड़ शेष | 5,000 | 15,000 |
| डूबत ऋण अनामत | 3,000 | 3,000 |

वर्ष के दौरान बैंक को ऋण के लिए 12,000 रु. का भुगतान किया गया जिसमें 2,000 रु. ऋण का ब्याज भी शामिल था ।

उसका आहरण रोकड़ और माल का क्रमश: 12,000 रु. और 3,000 रु. था ।

उसके जीवन बीमा प्रीमियम के 5,000 रु. उसके व्यवसाय में से चुकाये गये ।

ता. 31.3.2004 को उसने अपने निजी विनियोग 5000 रु. के 12000 रु. में बेचे और 8000 रु. व्यवसाय में लाया ।

ता. 1.10.2003 को वह 3000 रु. का अपना निजी फर्नीचर व्यवसाय में लाया । ता. 1.10.2003 को अतिरिक्त प्लांट और मशीनरी खरीदी गयी थी ।

पूँजी पर ब्याज वार्षिक 10% देना है और प्लांट तथा फर्नीचर पर वार्षिक 20% घिसाई लगायी जाती है ।

उपरोक्त जानकारी से निम्नलिखित तैयार कीजिये :

(i) ता. 31.3.2004 को पूरे होते वर्ष के लिए लाभ या हानि दर्शाता पत्रक और

(ii) ता. 31.3.2004 को स्थिति विवरण (Balance Sheet)

**अथवा**

नीचे दी गयी जानकारी से, मिताल फाइनेन्स कोर्पोरेशन की बही में 12% गुजरात सरकार ऋण खाता तैयार कीजिये । **14**

1. ता. 1-4-2003 को प्रारंभिक शेष :

| | **रु.** |
|---|---|
| ऋण का प्रत्यक्ष मूल्य | 1,00,000 |
| ऋण की लागत कीमत | 1,05,000 |

2. ब्याज की तारीखें :
   31 दिसम्बर और 30 जून

3. वर्ष के दौरान लेन-देन :

| **तारीख** | **प्रत्यक्ष मूल्य (Face Value) रु.** | **कीमत रु.** | **रिमार्क** |
|---|---|---|---|
| 1-5-2003 | 20,000 | 98 | ब्याज सहित खरीदी |
| 1-6-2003 | 10,000 | 96 | ब्याज रहित खरीदी |
| 1-8-2003 | 40,000 | 102 | ब्याज सहित बिक्री |
| 1-3-2004 | 60,000 | 105 | ब्याज रहित बिक्री |

विनियोगों के अंतिम (स्टॉक) निवेश के मूल्यांकन की FIFO पद्धति से गणना की जाती है।

5. ता. 1.01.2002 को केयुर ने राज ट्रेडर्स से एक मोटर कार भाड़ा खरीद पद्धति से खरीदी और डिलिवरी के समय 50,000 रु. का भुगतान किया । शेष रकम निम्नलिखित तीन किस्तों में भुगतान करनी थी : **14**

| **भुगतान की तारीख** | **रकम रु.** |
|---|---|
| 31-12-2002 | 60,000 |
| 31-12-2003 | 60,000 |
| 31-12-2004 | 30,000 |

केयुर घटते शेष पद्धति से प्रतिवर्ष 10% की दर से घिसाई की गणना करता है । दूसरे वर्ष के अंत में उसकी बही के खाते से निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि पायी गयी थी :

| | | |
|---|---|---|
| ता. 31-12-2003 | घिसाई खाते उधार | 15,300 |
| | मोटर कार खाते जमा | 15,300 |

उपरोक्त जानकारी से केयुर की पुस्तकों में निम्नलिखित खाते तैयार कीजिये :

(1) मोटर कार खाता,

(2) राज ट्रेडर्स का खाता,

(3) ब्याज खाता और

(4) घिसाई खाता

**अथवा**

(A) किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिये : **7**

(i) वित्तीय पट्टा (Financial Lease)

(ii) पट्टा के लाभ (Advantage of Lease)

(iii) परिचालित पट्टा (Operating Lease)

(B) किसी **एक** के बीच अंतर लिखिये : **7**

(i) भाड़ा खरीद और पट्टा

(ii) भाड़ा खरीद और परिचालित पट्टा (ओपरेटिंग लीज)